तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025



12 फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का हुआ आयोजन






10 भादो में लगी पूरे दिन झड़ी, एक दिन में 24.5 मिमी ...






## खबर संक्षेप

### बावामोहतरा में श्रीमद् भागवत का आयोजन



**बेमेतरा।** ग्राम बावामोहतरा में रविवार को आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भाजपा कार्यकर्ता और जनसेवक शिवम तिवारी ने भाग लिया। शिवम तिवारी ने व्यासपीठ पर जाकर कथा वाचक पं. ध्रुव नारायण शुक्ला महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित ग्राम वासियों से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर लव कुमार साहू, परमेश साहू और आशु मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### नगर पालिका क्षेत्र में आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया

**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से बेमेतरा नगर में विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है। इसी क्रम में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 और 16 में आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। विधायक साहू ने कहा कि जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर की सभी आवश्यकताओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा तथा जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पालन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि विधायक के मार्गदर्शन और सहयोग से नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं। वार्ड पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर निखिल साहू ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में जनहित के कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है और सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना इसका उदाहरण है।

### पोला महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया

**बेमेतरा।** ग्राम लावातरा में रविवार को कृषि संस्कृति और परंपरा के प्रतीक पोला महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि पोला तिहार हमारी कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवन की पहचान है। बैल किसान के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। महोत्सव के तहत आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तालियों और जयकारों से पूरा गांव उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम में सरपंच सुनीता बाई साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष बलराम साहू, सचिव कोमल साहू, उप सचिव गुलशन साहू, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, पंच उर्मिला बाई, रेखा साहू, उप सरपंच गणपत साहू सहित टोमन साहू, सीताराम साहू, सुशील साहू, लाला साहू, संत राम साहू, हीराराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस ने 255 वारंटियों को गिरफ्तार किया

**भिलाई।** जिले के वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 255 को गिरप्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 20 से 22 अगस्त तक पुलिस का विशेष अभियान चला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी कर टीम बनाकर गिरफ्तार किया गया। वारंटियों के सकुनत, संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। इस दौरान 107 बेमियादी, 148 गिरफ्तारी वारंट को पकड़ा गया। अभियान के तहत वारंटियों का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है।

# ग्रामीणों ने पारंपरिक गीतों और रस्मों के साथ मनाया भोजली लोकपर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बारगांव

ग्राम कोसपातर (बारगांव) के निषाद मोहल्ला स्थित शिव मंदिर से शनिवार को लोकपर्व भोजली का भव्य विसर्जन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन बहरू निषाद और छमन निषाद ने किया। कार्यक्रम में छोटी-छोटी टोकनियों में मिट्टी डालकर गेंहू, धान या जौ बोया गया। इसे घर या मंदिर में स्थापित कर भक्त एक सप्ताह तक भोजली गीत गाते हुए अपनी सेवाभक्ति अर्पित करते हैं। बारहवें वर्ष का आयोजन, टोलियों का भव्य स्वागत इस वर्ष यह आयोजन लगातार बारहवें वर्ष आयोजित किया गया। विसर्जन स्थल तक टोलियों के पहुंचने पर समिति की ओर से भव्य स्वागत किया गया। लोग पारंपरिक श्रृंगार कर तालाब तक पहुंचे। विसर्जन के दौरान ग्रामीण एक-दूसरे के



कान में भोजली लगाकर मित्रता और दोस्ती की कसमें भी खाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण की उपस्थिति रही।

### पर्व की महत्ता

भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री समीर वर्मा ने कहा कि भोजली का पर्व मित्रता और जीवनभर साथ निभाने का प्रतीक है। किसान अपनी फसल देखकर प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जबकि गांव की युवतियां गीत गाकर उसकी सेवा करती हैं। आयोजन को सफल बनाने में चिंता निषाद, निहाली निषाद, मंगला निषाद, पति निषाद, दुजराम निषाद, संतोष यादव, जय शंकर मानस मंडली सहित अन्य ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## मांग : बेमेतरा जिले से 400 कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, धरना स्थल पर मनाया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरकार के रवैये से नाराज एनएचएम कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन बेमेतरा में आज भी जारी रहा। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखते हुए पोला पर्व मनाया। नंदी बैल, जाता और चुकिया की पूजा-अर्चना के साथ ठेठरी, खुर्मी और भजिया बनाकर सामूहिक उत्सव मनाया गया। महिला कर्मचारी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा बनीं।

प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27% वेतन वृद्धि शामिल है। आंदोलन में प्रदेशभर के लगभग 16,000 कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें बेमेतरा जिले के करीब 400 कर्मचारी प्रतिदिन धरना स्थल



पर मौजूद रहते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल के कारण शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जांच, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, ओपीडी, नवजात देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध हेल्थ चेकअप और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कई अस्पतालों में ताला लग चुका है और मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं।

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पूरन दास, डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. डोमन यादव, डॉ. बृजेश कुमार दुबे, लक्ष्मी पटेल, रेशमी बंजारे, प्रियंका यदु और हेमलता कुर्रे ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

कर्मचारियों ने याद दिलाया कि भाजपा के घोषणा पत्र और "मोदी की गारंटी" में संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण करने का वादा था। पिछले 20 महीनों में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 160 से अधिक ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

# जलमोगरा तालाब के पास बोरी में मिली जीवित नवजात

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया



- पुलिस सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध की तलाश में जुटी
- नगर में गहरा आक्रोश

नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित जलमोगरा तालाब के पास रविवार सुबह एक बोरी में जीवित नवजात बच्ची मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बेमेतरा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, करीब 11 बजे एक दुकानदार तालाब के पास लघुशंका के लिए गया था। तभी उसे बोरी में बच्चे की आवाज और छटपटाहट सुनाई दी।

पास जाकर देखा तो वह बोरी में एक नवजात बच्ची थी। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के आधार पर वार्ड क्रमांक 15 के एक संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है। नगरवासी इस घटना से गहरा आक्रोशित हैं। लोग नवजात बच्ची के प्रति सहानुभूति जता रहे हैं और कुछ लोग उसे गोद लेने तक की चर्चा कर रहे हैं। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह घटना किसी अवैध संबंध या सामाजिक परिस्थिति के कारण हुई हो सकती है।

# तीजा व गणेश उत्सव की तैयारियों में बाजार और पंडाल सज गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

तीजा पर्व के अवसर पर महिलाएं मायके आईं और पारंपरिक साड़ियों तथा श्रृंगार सामग्री की दुकानों में भीड़ लग गई।

बाजारों में चहल-पहल और रौनक नजर आई। महिलाएं 26 अगस्त को व्रत रखेंगी और इसे परिवार के साथ मनाएंगी। बसों और परिवहन साधनों में भीड़ रही, वहीं व्यापारियों ने त्योहारी ऑफर और छूट के माध्यम से उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही 27 अगस्त को नगर के पंडालों में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाएं विराजमान होंगी। खास आकर्षण के रूप में राधा-कृष्ण और बाल गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। मूर्तिकार तिलक कुम्भकार के अनुसार पारंपरिक शैली में आधुनिक रंग-रूप का मिश्रण किया गया है। पंडालों की सजावट फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से की गई है। समितियां श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रख रही हैं। सभी प्रतिमाओं का निर्माण 27 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा।



# श्रीरामकृष्ण मंदिर में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

पोला पर्व पर श्रीरामकृष्ण मंदिर का आँगन शनिवार को खेलकूद की मस्ती से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक खेलों में ऐसा जोश दिखाया कि दर्शक तालियाँ बजाते रह गए। कुर्सी दौड़, कंचा-चम्मच दौड़ और बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को पछाड़ने खूब कोशिश की, तो वहीं हर राउंड में रोमांच चरम पर रहा। कुर्सी दौड़ में किरण निषाद ने बाजी मार ली, रानी गेडाम ने दूसरा और हेमलता साहू ने तीसरा स्थान पाया। कंचा-चम्मच दौड़ में हेमलता साहू अव्वल रहीं, निधि जायसवाल ने दूसरा और पिंकी गेडाम ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में देवमती जांगड़े ने सबसे सही निशाना लगाया और पहला स्थान पाया, सावित्री देवांगन दूसरे और भारती यादव तीसरे स्थान पर रहीं।

मंदिर के व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। पोला पर्व हमारी संस्कृति से जुड़ा पर्व है और खेलकूद से इसे और भी रोचक रूप मिला। आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजन कर समाज को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस मौके पर महंत सुरेंद्र दास, अश्वनी धर दीवान, रामनाथ ध्रुव, सालिकराम श्रीवास्तव, बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, अरुण बरनवाल, के.के. मिश्रा, कलीराम सिन्हा और देवसिंह पाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक की भूमिका कुमार वर्मा और भुनेश्वरी वर्मा ने निभाई।

# अंचल में धूमधाम से मनाया पोला पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व पोला बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने रीति-रिवाज के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पर्व की शुरुआत नदियां, बैल और पोरा-जाता की पूजा से हुई। बच्चों ने मिट्टी के नदी-बैल और पोरा खिलौनों में खूब आनंद लिया। पोला पर्व कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवन से जुड़ा है, जो किसानों और उनके पशुधन के सम्मान का संदेश देता है। ग्रामीणों ने पारंपरिक मिठाइयां और पकवान अपने इष्टदेव को भोग के रूप में अर्पित किए। ढोल-नगाड़े और बैंड हरि कीर्तन की धुन ने माहौल भक्तिमय बना दिया। बहनों और बेटियों ने शाम को पोरा पटकने की रस्म निभाई। पारंपरिक खेलों और व्यंजनों का भी आयोजन हुआ।

घरों में पोला, नदी, बैल और जाता जैसे कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना की गई, फिर ठेठरी, खुरमी, चिल्ला और बरा जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन भोग के रूप में अर्पित किए गए। गांव के चार स्थानों पर मटका फोड़ का आयोजन भी किया गया। युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को बधाई दी, जिससे पर्व की रौनक और बढ़ गई।

## देवकर के विद्यार्थी संस्कृत निबंध प्रतियोगिता में लहराया परचम

# संस्कृत निबंध प्रतियोगिता में कामाक्षी, चंद्रकिरण आदित्य क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पीएम श्री सेजेस देवकर में आयोजित संस्कृत सप्ताह के दौरान निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और परचम फहराया। प्रतियोगिता में कामाक्षी सिन्हा हिंदी माध्यम ने प्रथम, चन्द्रकिरण तिवारी अंग्रेज़ी माध्यम ने द्वितीय और आदित्य मार्कण्डेय अंग्रेज़ी माध्यम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्राचार्य अनिल डहाले ने विद्यार्थियों और संस्कृत व्याख्याता चेतना भारती राजपूत को बधाई देते हुए कहा कि संस्कृत एक संस्कारमयी विषय है। प्राचार्य ने यह भी जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को



अपनी संस्कृति से जुड़ा होना चाहिए और इसके लिए संस्कृत का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। संस्कृत व्याख्याता चेतना भारती राजपूत ने कहा कि भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे अर्थात भारत की दो प्रतिष्ठाएँ हैं संस्कृत और संस्कृति। भारत की असली पहचान इसकी संस्कृति और भाषा से है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर धनञ्जय दीवान, ॐ साईं स्कूल के प्राचार्य भुनेश्वर चक्रधारी और विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को बधाई दी। शिक्षक गण योगेश प्रजापति, अविनाश यादव, ईश्वर साहू, निखिलेश दत्त शर्मा, गुलाबधर साहू, के पटेल, योगेश साहू, अंजू वर्मा, चन्द्रप्रभा साहू, प्रियंका राजपूत, गौरव ठाकुर, पूर्णिमा साहू, नीरज मरकाम सहित अन्य उपस्थित रहे।

# थान खम्हरिया की बायपास सड़क पर अवैध सब्जी मंडी से आमजन परेशान



हरिभूमि न्यूज. खम्हरिया/बेमेतरा

नगर की बायपास सड़क पर वर्षों से चल रही अवैध सब्जी मंडी के चलते सुबह तीन घंटे तक यातायात जाम रहता है। क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अवैध मंडी बिना लाइसेंस संचालित हो रही है।

संचालक किसानों से 8 प्रतिशत कमीशन वसूलते हैं, जबकि नगर पंचायत को मंडी शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता। इस कारण स्थानीय निकाय को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। थान खम्हरिया मंडी में बिक रही सब्जियों में अत्यधिक कीटनाशक पाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे आमजन की सेहत पर विपरीत असर पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ निजी मंडी अधिनियम, 1972 के तहत केवल लाइसेंसधारी मंडियों को संचालित करने की अनुमति है। नगर में व्यवस्थित थोक और फुटकर सब्जी मंडी के लिए सुरक्षित स्थान आवंटित करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### नांदगांव के 4 शिक्षकों का चयन

**राजनांदगांव।** पीएमश्री योजना के तहत राजनांदगांव जिले के 4 शिक्षकों का चयन आईआईटी जम्मू में आयोजित होने वाली पांच दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला के लिए हुआ है। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पीएमश्री योजना के तृतीय एवं चतुर्थ चरण में चयनित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही है। चयनित शिक्षकों में ाजनांदगांव ब्लॉक के पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव से वेदप्रकाश साहू, पीएमश्री सेजेस छुरिया से लक्ष्मी यादव, पीएमश्री सेजेस डोंगरगढ़ से भुनेश्वरी जंघेल एवं पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव से वासुदेव साहू शामिल हैं। यह कार्यशाला 4 से 8 सितंबर तक चलेगी।

# धर्मनगरी में गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर, समितियों व मूर्तिकारों के लिए मौसम खड़ी कर रहा समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेशोत्सव पर्व को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर की विभिन्न गणेश उत्सव समितियों और सनातनधर्मियों द्वारा भव्य पंडालों के निर्माण तथा गणपति बप्पा की स्थापना की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पंचांग के अनुसार इस वर्ष गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को पड़ रही है और इसी दिन पूरे श्रद्धा भाव के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

गणेश चतुर्थी की नजदीकियों को देखते हुए पूरे शहर में उत्सव का माहौल नजर आने लगा है। एक ओर जहां विभिन्न समितियां बड़े-बड़े पंडालों की सजावट में लगी हैं, वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर गलियों तक में सजावट की योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस बार की थीम आधारित पंडालों में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश देने वाली झांकियां भी देखने को मिलेंगी।

हालांकि इस बीच लगातार हो रही रुक-रुक कर तेज और हल्की बारिश ने तैयारियों में कुछ अड़चने जरूर डाली हैं। आसमान में छाए बादल और मौसम की अनिश्चितता ने मूर्तिकारों को खासा परेशान किया है। मिट्टी की मूर्तियों को सुखाने और रंगने में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंडाल निर्माण में भी बारिश बाधा बन रही है, जिससे कार्यों में विलंब हो रहा है। इसके बावजूद न तो मूर्तिकारों के उत्साह में कोई कमी आई है और न ही समितियों के जोश में कोई ठहराव दिख रहा है। स्थानीय मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार लोगों की मांग पारंपरिक मूर्तियों के साथ-साथ इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की भी बढ़ी है। वे प्राकृतिक रंगों और सामग्री का उपयोग कर पर्यावरण-संवेदनशील मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं।

वहीं गणेश उत्सव समितियों द्वारा भी साफ-सफाई, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त आयोजन की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी इस उत्सव को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अधिकारियों की बैठकें जारी हैं। नगर निगम द्वारा शहर की सफाई और रोशनी की व्यवस्था भी तेज कर दी गई है।

### गणेश उत्सव के उत्साह में कोई कमी नहीं



गौरतलब है कि कवर्धा में हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और विसर्जन के दौरान भव्य शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। ऐसे में इस बार भी गणेशोत्सव को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह है। चाहे बारिश हो या अन्य कोई बाधा, श्रद्धालु और आयोजक गणपति बप्पा के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पूरा शहर अब बस गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजने को तैयार है।

## समस्या : ट्रक पहुंचते ही लूटमार की स्थिति छोटे किसानो को नहीं मिल पा रही खाद

# जिले की कई सेवा सहकारी समितियों में खाद की मारा मारी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन-प्रशासन के लगातार दावों के बाद भी कबीरधाम जिले में खाद की किल्लत बदस्तूर बनी हुई और जरूरतमंद किसान यूरिया खाद के लिए भटक रहे हैं। बताया जाता है कि लम्बे अंतराल के बाद अगर जिले के किसी सेवा सहकारी समिति में एकाध ट्रक यूरिया खाद पहुंच भी गई तो स्थिति मारामारी और छीनाझपटी की निर्मित हो जाती है और खाद का उठाव समिति के गोदाम पहुंचने से पहले ही हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि जिले के किसानो के साथ जिलेभर में सक्रिय किसान संगठनो को आरोप और शिकायत है कि शासन-प्रशासन जिले के किसानो को मांग के अनुरूप यूरिया खाद कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध करा पाने में पूरी तरह से समर्थ साबित हो रही है। आलम ये है कि जिले की प्रायः सभी कृषक सेवा सहकारी समितियों में लम्बे समय से यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है जिसकी आपूर्ति की मांग को लेकर कई बार किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन तथा शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौपने की कार्यवाही कर चुके है।

लेकिन प्रशासन अपने जनसंपर्क विभाग के माध्यम से सिर्फ खाद भण्डारण के आंकड़े जारी कर पर्याप्त खाद की उपलब्धता होने का दावा कर रहा है जबकि जमीनी हकीकत इससे पूरी तरह से विपरीत है। किसानो का आरोप है कि कृषक सेवा सहकारी समितियों में यूरिया खाद की सप्लाई न कर निजी दुकानों में खाद की भरपूर सप्लाई हो रही है और निजी दुकानदार भारी मुनाफाखोरी करते हुए यूरिया खाद की प्रति बोरी शासकीय दर 266 से करीब तीन गुना अधिक 6-7 सौ रूपय प्रति बोरी के भाव से बेंच रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन इस हकीकत को मानने को तैयार नहीं और किसानो तथा किसान संगठनो की शिकवा शिकायतों को अनसुना कर हाथ पर हाथ धरे बैठा है। जिसका खामियाजा किसानो को भुगतना पड़ रहा रहा है। किसानो ने बताया कि इस समय उन्हें धान सहित अन्य फसलों के लिए खाद की जरूरत है लेकिन समितियों में खाद की भारी किल्लत और मजबूरन किसान निजी दुकानो से खाद खरीदकर ठगे जा रहे हैं। किसानो का यह भी आरोप है कि इससे पहले उन्हें यूरिया खाद की इस तरह की किल्लत नहीं हुई है जिस तरह की किल्लत वे इस बार झेल रहे हैं।

### समिति में खाद पहुंचते ही सीधे ट्रक से उठाव



जिले में यूरिया खाद की किल्लत और मारामारी को इस बात से भी समझा जा सकता है कि रविवार को सेवा सहकारी समिति गोछिया में यूरिया खाद की एक खेप ट्रक में पहुंची थी। लेकिन इससे पहले की खाद की अनलोडिंग होकर खाद समिति के गोदाम में पहुंचती किसानो की भारी भीड़ ट्रक में ही चढ़ गई और कुछ ही देर में करीब 600 सौ बोरी खाद का उठाव हो गया। यहां भी किसानो का आरोप है कि यह खाद सिर्फ बड़े किसानों को ही नसीब हुई जबकि छोटे किसान हांथ मलते रह गए और यह सब समिति के जिम्मेदारों से सांठगांठ से ही हो रहा है।

# शिक्षक कल्याणी और भुवन को कलिंगा विश्वविद्यालय ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिले के शिक्षा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण। साजा विकास खंड की शासकीय प्राथमिक शाला अकोला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा और शासकीय हाई स्कूल लावातरा, विकासखंड बेरला के व्याख्याता भुवन लाल साहू को कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित किया गया।

दोनों शिक्षक 2024 में महामहिम राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। समारोह में कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, मुख्य अतिथि आर्यवीर आर्य और गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं महासचिव ने प्रदेशभर से आए शिक्षकों का भव्य सम्मान किया। मुख्य अतिथि आर्यवीर आर्य ने कहा कि शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में बल्कि छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाने में भी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने हिम कल्याणी सिन्हा और भुवन लाल साहू के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हर्ष किया। समारोह में प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा को निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदान की गई। शिक्षक बिरादरी ने इस अभिनव पहल और दोनों शिक्षकों के सम्मान को प्रेरक बताया।

# गब्दा में धूमधाम से मनाया पोला तिहार



**बेमेतरा/बेरला।** ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत पिरदा के आश्रित ग्राम गब्दा में तिजा पोरा के पावन अवसर पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। बच्चों ने कबड्डी, दीदी-बहनी और रस्साकशी सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर धनंजय निषाद, रमेश निषाद, ईश्वरी वर्मा, भारत निषाद सहित ग्रामवासी भी उपस्थित रहे और उत्सव को और रंगीन बनाया। पोला तिहार ने गांव में भाईचारा और सांस्कृतिक उत्साह को बढ़ावा दिया।

# गांव की बैठक में बड़ा फैसला, शराब बेचने वालों पर 50 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

अवैध शराब की बिक्री नांदघाट गांव वालों ने बैठक कर प्रतिबंध का लिया फैसला। थाना के 100 मीटर की दुरी शराब की बिक्री, नेशनल हाइवे में ढाबों में शराब की उपलब्ध सभी ब्रांड, क्षेत्र में गांजा, जुआ, शराब की बिक्री चरम पर होने से आम लोगो में भारी आक्रोसीत है, ग्राम नांदघाट में शराब की फेरी लगाकर बिक्री।

नाराज ग्रामीणों ने हाल में बैठक कर यह निर्णय लिया कि गांव में शराब बेचने वाले को दंडित किया जाएगा, इस थाना क्षेत्र की स्थिति इतनी बदहाल की चार सौ महिलाओं ने चार दिन पहले कलेक्टर कार्यालय के सामने आवाज कर ग्राम बदनारा में शराब की अघोषित दुकान को बंद करने की मांग की। तीन गांव के लोग खुद आगे आकर निर्णय लिए, नांदघाट इतिहास में कभी इतनी लचर व्यवस्था नहीं रही, वही ग्राम बदनारा के लोगों द्वारा अवैध शराब बिक्री के चलते कलेक्टर बेमेतरा घेराव किया गया था।

उसके बाद भी गांव में अवैध शराब बिक्री नियंत्रण नहीं हुआ। जिसके चलते ग्राम बदनारा वीडियो द्वारा ग्राम में विशेष बैठक बुलाकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर जुर्माना लगाने का फैसला लिया जिसमें अगर कोई शराब बेचते हुए पाया जाता है तो उसे लगभग पचास हजार का जुर्माना गांव में देना पड़ेगा। आसपास क्षेत्र के लोग बहुत परेशान यह अवैध नशा कारोबार के चलते हैं।

# जिला अस्पताल कवर्धा में कैंसर जांच शिविर, 25 मरीजों की हुई जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अस्पताल कवर्धा में लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने और समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 23 अगस्त 2025 को जिला अस्पताल परिसर में बालको के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालको के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर पाण्डेय ने संभावित मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान कुल 25 मरीजों की जांच की गई। डॉक्टरों ने बताया कि शिविर में ब्रेस्ट कैंसर, लंग कैंसर, सर्विक्स कैंसर, मुंह का कैंसर एवं लीवर कैंसर के संदिग्ध मरीजों का परीक्षण किया गया। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि कैंसर की समय रहते पहचान और उचित इलाज से मरीज की जान बचाई जा सकती है। कैंसर शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है, इसलिए समय-समय पर जांच कराना आवश्यक है। यदि लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से परामर्श लिया जाए तो रोग को शुरुआती अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सकता है। जिला अस्पताल प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे शिविरों का लाभ उठाकर अपनी नियमित जांच कराएं और समय पर इलाज सुनिश्चित करें।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




जिले के थाना और चौकी स्टाफ ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।

देवकर पुलिस चौकी और नगर पंचायत देवकर ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत क्षेत्र में साइकिल रैली का आयोजन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे, उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, नगर पंचायत सीएमओ केशराम साहू, पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक उदल राम टांडेकर, पार्षद, स्कूल के बच्चे और आम नागरिक इस रैली में शामिल हुए। सभी ने साइकिल रैली निकालकर जनता को फिट रहने का संदेश दिया। एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। साइकिलिंग से मोटापा कम होता है, हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और तनाव घटता है।

## पुलिस-प्रशासन और गणेश समितियों की संयुक्त बैठक दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

# कवर्धा में शांति, श्रद्धा और सुरक्षा के साथ गणेश उत्सव मनाने बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



आगामी गणेश उत्सव को पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस के निर्देशन पर कोतवाली थाना परिसर में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अमले के साथ गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी और डीजे साउंड संचालक उपस्थित थे। इस अवसर पर एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, नायब तहसीलदार विकास जैन और कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिंहा भी मौजूद रहे। एसडीओपी श्री चंद्राकर ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा। भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी और बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। डीजे और लाउडस्पीकर के संचालन को लेकर यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल सूचना देने या पावती लेने से अनुमति मान्य नहीं होगी इसके लिए एसडीएम कार्यालय से विधिवत अनुमति अनिवार्य होगी। निर्धारित ध्वनि स्तर और समय सीमा का सख्ती से पालन करना होगा, अन्यथा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार विकास जैन ने आयोजकों से आग्रह किया कि गणेश उत्सव पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि पंडालों में फायर सेफ्टी, बिजली कनेक्शन की सुरक्षा, आपातकालीन निकास मार्ग और साफ-सफाई जैसे बिंदुओं को अनदेखा न किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन की ओर से पीडब्ल्यूडी के ईएंडएम विभाग के इंजीनियर पंडालों की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे और जहां भी किसी प्रकार की कमी या सुरक्षा खतरे की आशंका होगी, वहां आवश्यक सुधार तत्काल कराए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन हर स्तर पर सहयोग करेगा, लेकिन नियमों के उल्लंघन पर किसी तरह की ढिलाई नहीं दी जाएगी।

### सुरक्षा के प्रति ज़रा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बैठक में यह भी अपील की गई कि आयोजन के दौरान किसी की धार्मिक आस्थाओं को ठेस न पहुंचे और उत्सव पूरी श्रद्धा एवं गरिमा के साथ संपन्न हो। गणेश प्रतिमा स्थापना और विसर्जन के समय यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए समितियों से सहयोग की अपेक्षा की गई। प्रशासन ने साफ कर दिया कि जो भी समिति या आयोजक नियम तोड़ेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है। बैठक में सभी समितियों से आपसी समन्वय और सहयोग बनाए रखने की अपील की गई, ताकि गणेश उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा सके,।

### गांजा सप्लायर तक पहुंची कवर्धा पुलिस, तस्करों के बाद सप्लायर भी गिरफ्तार

**कवर्धा।** चिल्फी पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में पूर्व में जहां तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था वहीं अब इसी मामले में पुलिस ने आरोपियों को गांजा बेंचने वाले आरोपी को भी दबोचने में सफलता हांसिल की है। बताया जाता है कि इस आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस ने खपराखोल, जिला बलांगीर उड़ीसा से की है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार थाना चिल्फी के अपराध क्रमांक 28/25 धारा 20(बी)(ii) (बी) नारकोटिक एक्ट के तहत पूर्व में आरोपियों सोनू उर्फ सूरज सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, अमर खरे एवं अंकित पटेल के संयुक्त कब्जे से दो स्कूटियों में 10 किलो ग्राम गांजा जब्त कर अपराध दर्ज किया गया था।

